पहंड़ - मर न इपिल अबिङ तइकेन सेपेड़ेद् दो अबु होड़ो चि एटअःको? (जेताओःकए कजि रुवड़ेःआ)

मुण्डा - दिल्ली रे दो अबु होड़ो दो का एटअःकोगे देरङ।

पहंड़ - अयुम जदम हले सनिका।

सनिका - हे'ञ अयुमजदा।

मुण्डा - तोबे चनअःबेन मेनजदा?

पड़हा रजा - हतुरे दो अबिङअ फैसला सेसेना अञ दो पड़हा दुनुब रेञ जगरेःआ।

पहंड़ - तोबे नेया दो मरङ डिटा (गुनहा) तनअः, मोड़े हजार बेन डण्डेओःतना।

सनिका - अपेअःफैसला लिञ मनतिञ जदा।

इपिल - (तिंगु केटेःजनते) चनअःगा अब्बाम मनतिंञ जदा? उदुब लेका लेकोमेतो ओकोएअःलेकाते ने दसा रिञा?

पहंड़ - अलेले कुल लेद् मा चि अमम् सेनकेना। लाअः अलोम जगरे कारले थममेःआ।

इपिल - थमलिञपे तो! अपे जेल कञ कुल तदपेरे दो कजिगेञ होकाअः।

सुकवरो - हों न मइ, मपरंग कोलोः एनका ककोे जगरेःआ।

इपिल - चते कञ जगरेआ, कजिगे एनका उड्डुओतना। अञगअःअब्बा हसुजनरे देंगाञ असिकेना ओकोए ओकोए ओको देंगा लिःञा?

बिरसा - एना दो मइ ठउका गेम जगर लअः। गंगी कुड़ी दो काको सब् दुबुजअःइया। इनिःकुड़ी होन को दिल्ली इदि इदि अकरिञ जदकोःआ।

(गंगी निरए मोनेजदा)

सिबिल - (गंगी सबी तनलोः) हों अलोम निरा। अयुमलेम अले अमलोःसेनकेन को नमिन दिलङ रे नलाओ कले नम केदा रुवड़ तेअःभड़ा एस्कार।

करमा - जोजो टोलारेन रतनीओ गंगीगे इदि लिःआ अद् दिल्ली रे बंगअःइजना। (गंगी हिचड़ाओ तना)

रंदाय - (सबी' तनलोः) कले निरा रिकामा तिसिञ नेललेःआ कुड़ी होन अकरिञ रेःआ नला चिमनङ अम नमाकदा।

पहंड़ - नेआ तोबे गुनहा गंगी कुड़ीअ रे सकियोःतना। तोबे जरिबना चिमनङबु तोलेःआ?

मुण्डा - गेल हजारेते लतर दो चनअः?

सनिका - अञ मोयदञ कजिलेःआ? का गोनोङोआ जाअः?

मुण्डा - चते का गोनोङोःआ? कजि'मतो?

सनिका - अञ हसुजनरे गंगी जाअःकाए देंगा केद लेरे दो होनङः तिसिञ जीद कञ तइनते। एना तेबु क्षेमा कीरे दो चिलकावोअः?

पहंड़ - मर सोबेन कजि पे अपेःआ उडुःको चिलका?

सोबेन सेपड़ेद् हपनुम को- क्षेमा तइयाबु, मेनदो अयरते ओड़ोःनेलेका एतकान कमि हिरगो चिउलएओ अलोए दुनुवाड़एका।

पहंड़ - हे'म मेनजदा?

मुण्डा - हे जदम?

गंगी - हे जदञ। तिसिंङ अञ ने दुनुबरे सोबेन हतु हगा ओड़ोःपंच गुसिया कोःअ सनमङरे किरियाञ जोम केतेञ कजि रुड़ाजदा-ओड़ोःदो चिउलाओ नेलका कञ कमि'या।

(सनिकाअःकटा सुबारे उयुःजनते- अब्बागा क्षेमा तञबिङ)

सनिका - सोबेन को क्षेमा तद्मेरे अलिञो लिञ क्षेमा तद मेआ।

(दनपलअः दपलोः तना)

टुंडुः

शब्द-संदर्भ :

1. नेलुद - पढ़ना
2. दरअः - कक्षा
3. साएरनिः - शिक्षक
4. ओलजपअः - नोट्स
5. लपअः - प्रतियोगिता
6. इतुसुई - स्कूल
7. लनअःपअः - लाभ, फायदा
8. गोटलि - कॉलेज
9. भुरुंगी - भकलोल
10. पोरसोंद् - सफल
11. चिमि - सीमान/सीमा
12. कउढंग - मूर्ख, बेवकूफ
13. गअतिरिञ - इतिहास, नङगम

हिम्मतवाली इपिल

(मुण्डारी नाटक)

हिम्मतवाली इपिल

पहला अङ्क

प्रथम दृश्य

(मैट्रिकुलेशन का परिणाम निकला है। रतन अपने मित्रों से बातचीत कर रहा है)

करमा - ऐ जी रतन, तुम पढ़ता तो नहीं था, कैसे प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुआ?

दोन्दोः - (प्रवेश करते हुए) उत्तीर्ण कैसे नहीं होगा? कक्षा में चुप-चाप सुनता था जब भी शिक्षक प्रश्न करते थे शीघ्र जवाव देता था।

मसी - वह तो सही हे, परन्तु पहले तो कभी नहीं दीखता था।

बिरसा - हां तो, परन्तु कोई-कोई जन्मजात बुद्धि वाला होता है।

रतन - बस-बस, मैं बताता हूँ। मैं कक्षा में ध्यान पूर्वक सुनता था और घर में आकर दुहरा लिया करता था। तुम लोग मेरी नोट कॉपी भी देख सकते हो।

करमा - पता नहीं, प्रति दिन तो कहानी पढ़ते ही देखता था। कभी सरिता, कभी कदाम्बिनी तो कभी सेंड़ा सेतेञ, अखड़ा आदि आदि।

रतन - पढ़ता अवश्य था परन्तु अपना काम नहीं भूलता था।

दोन्दोः - अच्छा, उन बातों को छोड़ो। अब हम आगे करेंगे क्या?

मसी - मैं तो पोलिटेकनिक की बात सोच रहा हूँ। पता नहीं आगे पढ़ने से नौकरी मिलगी इसमें सन्देह है।

बिरसा - तुम्हारा कहना सही है। परन्तु मैं ने तो तय किया है कि मैं ग्रेजएशन करूंगा। फिर जे.पी.एस.सी की प्रतियोगिता में बैठूंगा।

दोन्दोः - मैं इण्टर करके घर वापस आऊंगा। मैं समाज की सेवा करूँगा, खेती गृहस्थी करूँगा।

करमा - मैं ने भी बी.ए., बी.एड करने की बात सोची हे। हो सके तो कॉलेज में व्याख्याता बनूंगा।

बिरसा - तुमजी रतन, क्या सोचा है? बोलते कुछ भी नहीं हो?

रतन - कहूंगा क्या? मेरे माता-पिता आगे की बात तो सोच ही नहीं सकते।

दोन्दोः - सोच क्या नहीं सकते? तुमको सोचना है। पढ़ना तो तुम्हें है न?

रतन - मैं सोचूँगा क्या

करमा - सोचोगे क्या? करना तो तुम्हीं को है न? माता-पिता तो सहयोग देंगे।

रतन - कहना तो सही है परन्तु उनका सहयोग न मिला तो?

बिरसा - सहयोग क्यों न देंगे?

रतन - किसी तरह उन्होंने तो मुझे मैट्रीकुलेशन कराया। आगे मुझे पता नहीं।

करमा - नहीं, किसी तरह तो तुम्हें आगे की पढ़ाई करनी ही चाहिए नहीं तो प्रथम श्रेणी का क्या लाभ?

रतन - छोटी बहन इपिल को तो पाँचवी कक्षा भी पूरा नहीं करा पाये।

दोन्दोः - उन बातों को सोचना छोड़ो, अपनी बात सोचो।

रतन - सोचूँगा क्या? मैं तो माता-पिता पर आश्रित हूँ।

बिरसा - उन बातों को छोड़ो। तुम हाँ पढ़ूँगा बोलो।

रतन - मैं पढ़ूँगा कैसे कहूँ। साधन ही नहीं है।

करमा - साधन नहीं है मत कहो। तुम दृढ़ संकल्प करो रास्ता स्वयं ही निकल आयोग।

रतन - रास्ता स्वयं कहाँ से निकल आयेगा?

दोन्दोः - निकल आयेगा, ऊपर नीली छतरीवाला हमें नहीं छोड़ेगा

रतन - कौन ?

दोन्दोः - अरे, परमात्मा। हम उसी को तो पूजा अर्चना करते हैं।

रतन - वह तो है ही।

दोन्दोः - फिर?

रतन - मैं तो घर की परिस्थिति देखकर कह रहा था। बड़ी कठिनाई से तो मैं मैट्रिक उतीर्ण हुआ।

बिरसा - तुम्हारा कहना सही है। परन्तु कॉलेज पढ़ना भी कठिन नहीं है। तुम अल्प खर्ची बनो, आरम्भ में खर्च है बाद में तो छात्रवृति मिलेगी ही। पूरे वर्ष भर में छः हजार रुपये।

दोन्दोः - इतनी रकम में तो तुम सरलता से काम चला लोगे।

करमा - कह दो, कॉजेज पढ़ने को तैयार हूँ।

रतन - मुझसे नहीं होगा।

दोन्दोः - नहीं होगा तो नहीं, परन्तु मुझसे होगा कहो। "सेरेञ" का गीत तुमने नहीं सुना?

गाता है - उत्थान हमारा होगा कैसे ?

सब - इच्छा हमारी नहीं है
उत्थान हमारा होगा कैसे?
1. संसार के लोग कल ही जागे
उनका कदम आगे है वे प्रगति
कर रहे हैं
उत्थान के मार्ग से
हम उठेंगे कब?
सरना के साल वृक्ष नये पल्लवों
से भर उठे हैं;
मैदान में कोयनार और महुआ
वृक्षों पर हरियाली आयी है।
प्रगति के रास्ते से हम कब उठेंगे?
उठेंगे चलेंगे प्रगति के मार्ग पर
हमारे मन में भी हरियाली आयेगी।
मार्ग प्रशस्त कर आगे बढ़ेंगे
प्रगति के मार्ग पर
तब हमारा उत्थान होगा ॥

बिरसा - बोलो, हम कब उठेंगे?

करमा - हमारा संकल्प दृढ़ है तो उठेंगे ही।

मसी - 'सेरेञ' का दूसरा गीत नहीं सुने हो?

सब गाते हैं - हमारी इच्छा है तो हमारी प्रगति होगी
यदि नहीं हे तो प्रगति नहीं होगी।
हरहराती आँधी तूफान चले
ठसाठस ओला पहार बरसे

चट्टान सी अडिग इच्छा है
तो आंधी तूफान, ओला पत्थर
हमारा कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता।
घड़ घिड़ाता हुआ बादल गरजे
जरजराता हुआ कड़कती हुई बिजली चमके
चट्टान-सी अडिग इच्छा है।
तो बादल का गर्जन बिजली की कड़क
'हमारा कुछ बिगाड़ नहीं सकती।
बड़े-बड़े पत्थर पहाड़ की बड़ी-बड़ी चट्टानें
नदी नाले पहाड़ी गह्वर
चट्टान सी अडिग इच्छा है
तो पत्थर चट्टाने टूटेंगी
नदी नाले - गह्वर भट्ठ जाएंगे। (गह्वर)॥

बिरसा - कहो तो - यदि हमारी इच्छा चट्टान की तरह है तो चट्टान ओर बड़े-बड़े पत्थर टूटेंगे। नदी-नाले और गह्वर भट्ठ कर समतल हो जाएँगे।

करमा - हां, आगे पढ़ूँगा बोला।

दोन्दोः - दृढ़ संकल्प करो।

रतन - अच्छा तो मैं देखूँगा।

(पटाक्षेप)

दूसरा दृश्य

(रतन को उसके मित्रों ने तो उत्साहित कर दिया परन्तु वह सोच में पड़ गया कि क्या करे)

रतन - मित्रों ने तो मुझे बढ़ावा दिया परन्तु मेरे माता-पिता पता नहीं सहमत होंगे अथवा नहीं। तमन्ना तो मेरा भी है कि मैं कॉलेज पढ़ूँ। परन्तु पता नहीं।

इपिल - (प्रवेश करती हुई) भैया मुंह मीठा कराइए।

रतन - क्यों?

इपिल - मैट्रिक पास होने की खुशी में।

सिबिल - (प्रवेश करती हुई) हां तो प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं।

रतन - किसने कहा?

सिविल - मेरे भैया मसी और बिरसा आदि आपस में बात कर रहे थे। भैया ने तो मुँह मीठा करा दिया।

रतन - अब तो मेरी बारी है न?

इपिल - हाँ तो।

रतन - (दस का एक नोट देते हुए) लो, तुम्ही लोग खरीद खाओ।

इपिल - (लेते हुए) दीजिए।(इपिल और सिबिल दस का नोट लेकर, आनन्द पूर्वक निकल गये।)

सनिका - (प्रवेश करते हुए) बाबू रतन, इपिल दोनों क्यो इतना आनन्दित हैं?

रतन - पिताजी, मैंने मैटि ्क प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। इस

बात को सुनकर मुंह मीठा कराने की जिद पर उत्तर गयीं तो मैं ने उन्हें दस रुपये मिठाई खाने को दे दिये।

सुकवरो - (प्रवेश करती हुई) तब तो बेटा बहुत खुशी की बात है। मसी की माँ ने मुझे बताया अन्यथा मैं तो लिख लोढ़ा पढ़ पत्थल, कला अक्षर भैंस बराबर, मैं क्या जानती ?

सनिका - हाँ, मुझे तो दोन्दोः के पिता कह रहे थे -आज शाम को मेरे यहाँ आ जाओ। मैं ने पूछा क्यों तो वह मुझे बताने लगा कि दोन्दोः मैट्रिक उतीर्ण हुआ है। इस खुशीयाली में हंड़ियाँ पीयेंगे कह रहा था।

सुकवरो- तब तो हमलोग भी खुशी मनाएंगे।

सनिका - हाँ तो, एक खस्सी है उसी को काटेंगे।

रतन - पिताजी, एक बात कहूँ?

सुकवरो - बोलो बेटा, आज तो खुशी का दिन है।

रतन - माँ, हम खस्सी नहीं काटेंगे।

सनिका - तब क्या? सुअर?

रतन - नहीं, सुअर भी नहीं।

सुकवरो - फिर, क्या?

रतन - पता नहीं, कहूँगा तो आप दोनों नाराज हो जाएंगे।

सनिका - नाराज नहीं होंगे बेटा। बोलो तो सही।

रतन - मेरी छोटी बहन को तो पाँचवी में ही छुड़वा दिये।

सुकवरो - बेटा, लड़कियाँ तो दूसरे घर का चूल्हा फूँकने जाती है। उन्हें हम पढ़ाएंगे? मुझे नहीं देखते हो मैं बिल्कुल अनपढ़

हूँ। तुम्हारे मामा सबको देखते नहीं हो एक अमीन हो गया, एक शिक्षक हैं और एक पियुन बन गया है।

रतन - मां, ये सब तो पुरानी बातें हैं अब तो लड़कियों को भी पढ़ाना चाहिए।

सनिका - तब तुम्हारी इच्छा क्या है?

रतन - मेरे विचार से न हम खस्सी काटेंगे न सुआर।

सुकवरो - फिर हम क्या करेंगे?

रतन - मुझे और मेरी बहन का आगे का रास्ता दिखाइए।

सुकवरो - आगे का रास्ता? मतलब!

रतन - हम दोनों आगे पढ़ेगे।

सनिका - बेटा, आगे पढ़ना आसान समझते हो?

रतन - तब हम खुशी नहीं मनायेंगे।

सनिका - पहले तुम समझ लो फिर बोलो।

रतन - मैं क्या समझूँगा।

सनिका - कॉलेज पढ़ना आसान है क्या? शहर में जाकर देखो तो, शहर में खर्च कितना है। बात समझते हो।

रतन - अच्छा तो खुशी मनाना बन्द करें। सुअर खस्सी में खर्च नहीं है। शहर में खर्च है। मैं कल गुजरात मजदूरी के लिए जा रहा हूँ। मैं पैसे भेजूंगा मेरी बहन को पढ़ाइएं

सुकवरो - नहीं बेटा, वैसा नहीं।

रतन - क्यों नहीं? मेरे सभी कत्र अपने-अपने विचार से आगे की पढ़ाई कर रहे हैं। कोई पोलिटेकनिक तो कोई कॉलेज,

कोई क्यां कोई द्वितीय श्रेणी तो कोई तृतीय श्रेणी में उतीर्ण हैं तब भी आगे की बात सोच रहे हैं। फिर मेरा प्रथम श्रेणी में उतीर्ण होने का क्या मतलब? क्या चुपचाप बैठा रहूँगा?

सुकवरो - बस-बस, वैसी बातें मत करो। खुशीयाली के अवसर पर ऐसा खट-पट अच्छा नहीं है। (सनिका की ओर देखते हुए) तुम भी बच्चों की बात नहीं समझते हो।

सनिका - मैं क्या नहीं समझता हूँ?

सुकवरो - क्या नहीं समझता हूँ? बच्चों को बनना नहीं जानते हो।

सनिका - हाँ, तुम्हीं केवल जानती हो।

रतन - आप दोनों झगड़ते रहें मैं घर छोड़कर जा रहा हूँ।

(जाने का उपक्रम करता है)

सुकवरो - (रोकते हुए) बस बेटा, मैं जाने ना दूँगी।

रतन - जाने कैसी न देंगी?

सनिका - (बात सम्भालते हुए) हां बेटा, मेरा ही शायद सोच गलत है। आज झगड़ेंगी नहीं। चलो आज खुशी मनावे। आगे देखा जाएगा जैसा भी बनें।

सुकवरो - तो खुशी मनाने के लिए व्यवस्था क्या कर रहे हो? आज तो किसी तरह बिता देंगे। तुम भी दोन्दोः का घर जाओगे। कल परसो रतन के मामा सबको बुला लेंगे।

सनिका - तुम्हारा कहना उचित है।

नेपथ्य से - रतन है?

रतन - कौन, दोन्दोः? आओ घर में हूँ।

दोन्दोः- (प्रवेश करते हुए) क्या बात चीत हो रही है?

सुकवरो - बात-चीत क्या करेंगे बेटा, तुमलोग उतीर्ण हुए इसी बात की चर्च हो रही है। तुम इधर कैसे आया?

दोन्दोः - मैं भी उसी बात को लेकर आया हूँ। मेरे पिताजी ने कहा कि तुम्हारे पिता सनिका को शीघ्र बुला लाओ और उस घर की माँ भी सभी को लेके आयेगी। शाम में हमलोग खुशी मनाएंगे।

सुकवरो - बाबू, सारा परिवार? नहीं केवल तुम्हारे पिता जाएंगे।

दोन्दोः - मेरे माता-पिता दोनों ने ही कहला भेजा है।

सनिका - अच्छा तो चलो।

(पटाक्षेप)

तीसरा दृश्य

(गाँव का मुण्डा अपने घर में रुपये गिन रहा है।)

मुण्डा- मैंने पांच खस्सी बेचे।

मुण्डा बुढ़िया - (प्रवेश करते हुए) क्या बड़बड़ा रहे हैं?

मुण्डा- ए जी, पाँच खस्सी मैंने बेचे वही रुपये गिन रहा हूँ।

बुढ़िया - हाँ अब तो महुंआँ डाँड़ चले जाइए। एक महीने में समाप्त हो जाएगा। फिर उसके बाद सुअर बेचिए।

मुण्डा - नहीं बुढ़िया, वैसी बात नहीं है। नहीं पता है, रेगो पीते-पीते मरा?

बुढ़िया - नहीं तो आप भी वैसा ही करें।

मुण्डा - बेटा मसी मैट्रिक उतीर्ण हुआ है, वह आगे पढ़ लेते। सिविल भी उच्च विद्यालय में है। कल वह भी मैट्रिक उतीर्ण होगी। पैसे की तो जरूरत होगी ही

बुढ़िया - एक-एक करके बेचते तो अच्छा होता। उतने खस्सियों के पैसे कम हैं?

मुण्डा - कम क्या होगा? पैंतालीस हजार।

बुढ़िया - हाँ तो? कहीं चोरों का पता लगा तो? यदि उन्होंने सेंध मार ली तो?

मुण्डा - बैंक में जमा कर देंगे?

बुढ़िया - कौन सा बैंक में।

मुण्डा - स्टेट बैंक में।

बुढ़िया - कहीं खो गया तो?

मुण्डा- बेवकूफ औरत, कैसी बुढ़िया हो? बैंक में पैसा खोता है? चोर-डाकुओं से बचने के लिए उसी में सोना रखा जाता है। सोना समझ रही हो न? पहान अपना सोना बैंक में ही रखा है।

बुढ़िया - ओ हो, इसीलिए मैं आश्चर्य करती हूँ कि पहान के पास सोना है ऐसा लोग कहते हैं तब भी उसके घर चोर डाकू नहीं जाते हैं।

मुण्डा - तुम भी इस उम्मीद में हो कि चोर-डाकू जाएँगे तो मुझे भी लाभ होगा?

सनिका - (नेपथ्य स) हैं कि नहीं?

मुण्डा - लो जी, जल्दी से वक्स में डाल दो।

सनिका - (नेपथ्य से) हैं कि नहीं?

मुण्डा - हैं भाई आइए पधारिए।

सनिका - (प्रवेश करते हुए) जोहार!

मुण्डा - जोहार। तब किधर आये?

सनिका - आऊँगा किधर? बेटा रतन मैट्रिक उतीर्ण हुआ है।

मुण्डा - हाँ, वह तो बेटा मसी के मुँह से सुन चुका हूँ कि प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। मैं बेटे को डाँटने लगा - तुम तो भेड़ी छान्दता था तुमको भी तो मैंने पढ़ने ही भेजा था तुम थर्ड डिवीजन से निकले हो। तुम स्कूल में क्या करता था?

सनिका - अपनी-अपनी ही बुद्धि।

मुण्डा - क्या अपनी-अपनी बुद्धि? जिसके घर में है नहीं वे प्रथम

श्रेणी और चलता पुर्जा घर तृतीय श्रेणी?

सनिका - ठीक है, निकला तो सही? नहीं पास होता तब न?

मुण्डा - खैर निकल तो गया। अच्छा इन बातों को छोड़िए। कहिए किधर आये हैं?

सनिका - आऊँगा किधर? रतन आगे पढ़ना चाहता है।

मुण्डा - तब क्या? आगे पढ़े।

सनिका - आगे तो पढ़े सही, परन्तु हम दोनों कैसे भेजेंगे?

मुण्डा - कैसे भेजेंगे? मैं समझा नहीं?

सनिका - हम दोनों के पास तो पैसे नहीं है इसीलिए बेटी इपिल को भी स्कूल छुड़वा दिये। रतन के सभी मित्र आगे की पढ़ाई करने को तैयार है! आप कॉलेज नहीं भेजेंगे, तो मैं मजदूरी के लिए गुजरात चला जाऊँगा। ऐसा कह रहा है।

बुढ़िया - (प्रवेश करती हुई) वह तो ठीक ही कह रहा है। हाँ, जोहार।

सनिका - जोहार। ठीक तो ठीक ही कह रहा है, परनतु हम दोनों तो गरीब आदमी, कैसे क्या करेंगे समझ में नहीं आ रहा है।

मुण्डा - मानता हूँ आपके पास पैसा नहीं है, जमीन जयदाद तो है? कहते हैं- है तो खर्च खर्च करके घर उजाड़ दो; नहीं है तो दया की भीख माँगो। हम दोनों तो गरीब आदमी कहते हैं और कल परसों हमने उत्सव मनाया था वह भी आपने खस्सी कटा था। आवश्यकता क्या थी? उत्सव न मना कर खस्सी को ही बिक्री कर देते?

सनिका - आपका कहना सच है परन्तु आनन्द की अधिकता से सोच न सके।

बुढ़िया - तब आपने सोचना क्या है?

सनिका - हम सोचेंगे क्या? हम जमीन ही बन्धिक में देना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से तो मैं यहां आया हूँ।

मुण्डा - तब कौन सी जमीन?

सनिका - हमलोग दस हजार में बन्धिक करना चाहते हैं।

बुढ़िया - कितने वर्षों के लिए?

सनिका - तीन वर्ष के लिए।

मुण्डा - अरे वह तो पथरीली जमीन है कुछ भी नहीं उपजता है।

सनिका - अच्छा तो नीम चवरा।

मुण्डा - वह भी तो वैसा ही है। तीन वर्ष में तो हजार, रुपये का सूद भी नहीं निकलेगा।

सनिका - वैसा मत बोलिए।

बुढ़िया - नहीं तो, बन्धिक तो आप ही कर रहे हैं न? किसी के पास जाइए ऐसा ही लोग कहेंगे। आँख बंद करके तो लोग सहमत नहीं होंगे?

मुण्डा - ऐसा कीजिए सोले गढ़ा हम लोगों को दे दीजिए।

सनिका - वह तो भाई, हमारे पूरे परिवार का भरण पोषण करता। वह मैं दे नहीं सकता।

बुढ़िया - तब तो अन्य लोगों के पास ही जाइए।(सनिका सोच में पड़ जाता है)

सनिका - (स्वगत) अन्य तो और किसके पास जाऊँगा पहान तो हाँ नहीं करेगा। मुण्डा तो कल ही पाँच खस्सी बिक्री किया है।

मुण्डा - सोच क्या रहे हैं?

सनिका - सोचूँगा क्या? अन्य और किसके पास जाऊँगा?

बुढ़िया - आप बात मानिए- सोले गढ़ा नहीं तो दलदल खेत हमें दीजिए।

सनिका - (स्वगत) गुजारा नहीं चलेगा तो मैं मजदूरी के लिए नहीं निकल जाऊँगा?

मुण्डा - क्या कहते हैं?

सनिका - हाँ तो सोले गढ़ा ही परन्तु पन्द्रह हजार में।

मुण्डा - उतना तो हम दे नहीं पायेंगे।

सनिका - अच्छा तो तेरह हजार।

मुण्डा - (स्वगत) इतने में तो शायद घाटा नहीं होगा। जलकी खेत है। पैसा भी सुरक्षित रहेगा और सूद के रूप में ऊपज भी अधिक मिलेगी। (प्रकट में) हाँ तो जाइए लिखा पढ़ी के लिए किसी को ले आइए।

सनिका - किसको लाऊँगा।

मुण्डा - बुद्धराम को बोलिए न। वह तो कोर्ट-कचहरी आता जाता है।

सनिका - अच्छा तो बुलाकर लाता हूँ। (जाता है)

(पटाक्षेप)

दूसरा अङ्क

प्रथम दृश्य

(सनिका अस्वस्थ पड़ा हुआ कराह रहा है)

सनिका - हाय। ओ-हो-हो-हो-मैं कैसी बीमारी से पीड़ित हूँ? पता नहीं। (पुकारते हुए) इपिल, दो बेटी मुझे पानी पिलाओ।

इपिल - (नेपथ्य से) क्या बोले पिताजी?

सनिका - पानी लेके आओ बेटी पीयूँगा।

इपिल - (एक गिलास में पानी लेकर आती है) पिता जी उठिए तो, सहारा देती हुई उठाती है और पानी पिलाती है) लीजिए पानी पीजिए तो।

सनिका - (पानी पीने के बाद) अब सुला दो। (इपिल धीरे से सुलाती है) तुम्हारी मां अबतक नहीं आयी है?

इपिल - अब तो आ रहे होंगे।

सुकवरो - (नेपथ्य से) हमलोग आ गये। (प्रवेश करती हुई) बेटी मचिया लेके आओ।

(इपिल घर के भीतर मचिया लेने जाती है)

पटा भगत - (प्रवेश करते हुए) घर तो सड़ी मच्छली सा महक रहा है।

सुकवरो - क्या? सड़ी मच्छली-सा?

पटा भगत - हाँ यह तो नगे एरा (जल आत्माओं) लोगों का काम जैसा लगा रहा है।

(इपिल मचिया लेकर आती है और देती है)

इपिल - जोहार।

पटा भगत- जोहार! कितने दिनो से अस्वस्थ्य हैं?

सुकवरो - एक महीना हो गया।

पटा भगत - और आप लोग चुप हैं?

सुकवरो - चुप तो क्या रहेंगे। वैद्य ला रहे हैं दवा-दारू दे रहे हैं। परन्तु कोई लाभ नहीं।

पटा भगत - एक सूप दीजिए तो और साथ में लोढ़ा पत्थर तथा मुट्ठी भर धान।

(इपिल सूप, लोढ़ा और धान लेकर आती है)

पटा भगत - तीन साल पत्ता और तीन सींक।

इपिल - साल पत्ता और सींक?

पटा भगत - हाँ बेटी, साल पत्ता और सींक। यदि है तो हरा पत्ता अन्यथा सूखा भी चलेगा। और सींक तो बाँस का।

इपिल - पत्ता तो सूखा ही मिलेगा।

सुकवरो - कल परसों बाजार से लायी हूँ बेटी। बण्डल खोल के देखो तो सूखा नहीं है।

(इपिल भीतर से निकलकर लाती है)

पटा भगत - एक खपरे में आग और थोड़ा सा हल्दी का चूर्ण। (इपिल आँगन से खपरा लेकर आती है तब तक भगत सींक को अंगुलियों से चार अंगूल नाप कर तोड़ता है।)

इपिल - आग तो बुझ गई होगी।

सुकवरो - बुझी नहीं है बेटी, मैं ने राख से ढँक दिया था। बुझा होगा

तो लकड़ी जलाकर आग बनालो। (इपिल भीतर जाती है और आग तथा हल्दी का चूर्ण ले करके आती है)

(पटाभगत लोढ़ा पत्थल से सूप में धान को रगड़ता है और धान का भूसा फूँक कर हटाता है। फिर खपरे की आग में हल्दी चूर्ण डालता है और मंत्रोच्चारण करता है)

"बान्धूंगा मैं, ले जाऊंगा मैं,

पहुँचाऊंगा मैं, शव पर्वत पर।

ठेलूगां मैं, डालूंगा मैं

गाडूंगा मैं, शव पर्वत पर ॥"

(एक साँस से तीन बार सनिका की ओर फूंकता है इसी तरह तीन बार मंत्रोच्चार करता है)

पटा भगत - ये तो सोले गढ़ा के नगे देवी ही है। वे ही इसे परेशान कर रहे हैं।

सुकवरो - सोले गढ़ा की नगे एरा आत्माएँ?

पटा भगत - हाँ, उस खेत में दल-दल है न

सुकवरो - हाँ है।

पटा भगत - वे ही नाराज हैं। कोई कुछ कह दिया होगा।

सनिका - हाय! ओ हो हो हो हो। कौन किसने गाली दी?

सुकवरो - बस-बस मत करो थक जाओंगे।

पटा भगत - आपमें से किसी ने कुछ कहा होगा। इसी से नाराज है और वे सीधे-सीधे तो नहीं कर पा रही हैं अतः दूसरे को उकसा रही हैं।

सुकवरो - कौन क्या बोलेगा? बेटा रतन कहने लगा कि आगे की पढ़ाई करूँगा तो हमने मुण्डा के यहां उस जमनी को बन्धि ाक रख दिये तीन वर्षों के लिए। यही तो इस वर्ष पूरा हो जाएगा।

पटा भगत - बस-बस, इसी कारण उनकी पूजा नहीं हो रही है। फसल बोते समय और काटते समय आाप दोनों तो काली मुर्गी की बलि देते थे। मुण्डा को तो गर्ज क्या है जो ऐसा करेगा? बो रहा है, काट रहा है।

सुकवरो - तब.....करना क्या चाहिए।

पटा भगत - उन्हें मनाना बुझाना होगा।

इपिल - कैसे उन्हें मनाएंगे?

पटा भगत - वे तो काली मुर्गी की बलि ही चाहेंगी?

सुकवरो - इतने मे ही बीमारी दूर हो जाएगी?

पटा भगत - कहाँ दूर होगा? मैंने पहले ही बताया था कि नगे देवियाँ सीधा तो हिम्मत नहीं कर रही हैं अतः दूसरों को उकसा रही है।

इपिल - दूसरों को उकसा रही हैं, मतलब?

पटा भगत - हाँ बेटी, उनकी मित्रता है ददुर घाट के देव से।

इपिल - ददु घाट के देव से? मैं तो वहीं नहाने-धोने और कपड़ा फिचने जाती हूँ मुझे तो पकड़ता नहीं है?

पटा भगत - तुमने उसको बिगाड़ा क्या है? और तुम्हें पकड़ेगा? यदि तुम उसकी मनौती कर रही हो, और तुमने मनैती छोड़ दी तभी नाराज हेगा, संयोग से एक एक बार खेलने के इरादे से किसी को पकड़ता है।

सुकवरो - फिर हम क्या करें?

पटाभगत - बस, कहने तो दीजिए मैंने बात कहाँ पूरी की है? बात ऐसी है कि ददुर घाट के देव की मनौती तो पहान करता है। और आप लोग पहान के अधीन हैं। आवश्यता पड़ने पर पहान से लेन देन होता ही है।

सुकवरो - लेन-देन तो है ही।

पटा भगत - इसीलिए ददुर घाट का देव स्वयं नहीं कर पा रहा पर नगे देवियों को भी इनकार नहीं कर पा रहा है अतः आप मित्र थोलकोबेड़ा के दरहा देव को उकसा दिया है। वही आप लोगों को परेशान किया हुआ है।

सुकवरो - ओहो, ऐसी बात है? इसीकारण दवा-दारू कि मुर्गी सुअर बलि प्रभावहीन हो रहा है। न तो वैद्य सफल हो रहे न भगत।

इपिल - उस देव को कैसे मनाना होगा?

पटा भगत - वह तो दरहा देव है, सरलता से नहीं मानेगा।

सुकवरो - फिर भी?

पटा भगत - जब तक कसेया बकरा की बलि नहीं देंगे तब तक मानेगा नहीं।

सुकवरो - उधार-पैंचा से तो हम लदे हुए हैं और ऊपर से काली मुर्गी तथा कसेया बकरा? खैर, काली मुर्गी तो किसी तरह इन्तजाम हो जाएगा। परन्तु कसेया बकरा?

पटा भगत - मेरा जो फर्ज था मैंने बता दिया जब आप दोनों समझे आप लोग मरीज को देखिएगा अथवा यह तो आप दोनों का विचार है।

सुकवरो - इलाज तो करना ही है परन्तु कसेया बकरा वाली बात में हम किंकर्त्तव्य विमुढ़ हैं।

पटा भगत - अच्छा जो बताना था मैं ने बता दिया आब आप दोनों समझे (खपरा पकड़कर उसमें हल्दी चूर्ण डालता है ओर सनिका की ओर धुँआ फूँकता है।) अच्छा अब इसके सीमा से बाहर चौराहे पर छोड़ आता हूँ। (चावल भी साल पत्ता में लपेटकर जे जाता है)

(पटाक्षेप)

दूसरा दृश्य

(इपिल और सुकवरो माँ-बेटी बातचीज कर रही हैं)

इपिल - ओ मां।

सुकवरो - हाँ बेटी।

इपिल - मेरे पिताजी के लिए तो हम दोनों क्या करेंगे?

सुकवरो - बेटी दिशा ही नहीं सूझ रहा है। तुम्हारा दादा तो दादा, कहाँ राँची में बहू ढूंढ़ लिया। भले ही सास-ससुर मिले। अब तो चिट्ठी-पत्र तक नहीं भेजता है।

इपिल - हाँ तो, उसके मित्र बिरसा आदि के मुंह से मैंने सुना है- रतन तो धनी घर की बहू पाया हैं हमारी ओर क्या देखेगा?

सुकवरो - यदि मैं ऐसा जानती तो कभी भी कॉलेज नहीं भेजती। उसके लिए खेत टाँड़ बन्धिक में दे दिये। अब तो कसेया बकरा हम दोनों कहां से पायेंगे?

इपिल - उसमें भी तो खर्च है। पिताजी को हम अस्पताल ले जाएँगे तो? अस्वस्थ्य लोग अस्पताल से स्वस्थ्य होकर लौटते हैं। कसेया बकरा बलि देने से तो पता नहीं।

सुकवरो - बेटी, हम अस्पताल कैसे ले जाएंगे? पैसे नहीं हैं। खेत टाँड़ तो हमने बन्धिक में दे दिये बिना खेत टाँड़ दिया दिखाये पैसे किससे मिलेंगे?

इपिल - मां कुछ तो करना ही होगा। मुण्डा को हमने खेत टाँड़ दिया है। उसके पास जाकर आती हूँ। बन्धिक का समय

ही न एक वर्ष आगे बढ़ेगा। वह नहीं तो पहन के पास जाऊँगी।

सुकवरो - पता नहीं बेटी, मुण्डा तो नहीं स्वीकार करेगा। पहान तो और ही स्वीकार नहीं करेगा। वह तो जाति का कंजूस है। खाने-पीने बुलाओ शीघ्र आयेगा। पैसे की बात करो तो इनकार में सिर हिला देगा। सड़ा हुआ खाना तक लोग नहीं फेंकते हैं, वैसे धनी हैं।

इपिल - फिर भी मैं जा करके आती हूँ।

सुकवरो - तुम्हारी मर्जी। तुम्हारे पिताजी को देखकर आती हूँ कहीं प्यास तो नहीं लगी है।

गंगी - (नेपथ्य से) इपिल घर में हो क्या

इपिल - कौन? गंगी दीदी।

गंगी - (प्रवेश करती हुई) हां मंइया।

इपिल - आइए। बैठने के लिए मचिया देती है।)

गंगी - मैंने सुना है कि तुम्हारा पिता बीमार है।

इपिल - हां दीदी, एक महीने से ऊपर हो गये। स्वस्थ्य ही नहीं हो पा रहे हैं। पता नहीं बीमारी क्या है?

गंगी - वैद्य और भगत सबको नहीं दिखायी?

इपिल - दिखा रहे हैं, क्यों नहीं। वैद्यों को पकड़े, भगत सबको पकड़े , लोग जो कह रहे हैं वही कर रहे हैं। मुर्गी तो मुर्गी बलि दे रहें, बकरा तो बकरा, सुअर तो सुअर, न तो बलि सफल हो रहा है और न दवा-दारू ही।

गंगी - अम्बाडीह के पटा भगत को नहीं बुलायी?

इपिल - दीदी, बोलिएगा क्या? उसे भी हमने बुलाया। कल ही तो आया था।

गंगी - वह क्या बोला ?

इपिल - बोलेगा क्या? सोलेगड़ा की नगे देवियों का प्रकोप है कहा।

गंगी - बहन नगे देवियाँ ठीक नहीं हैं। तब भी वे सरलता से मान जाती हैं।

इपिल - सरलता से कहाँ मानती हैं?

गंगी - मान जाती हैं। काली मुर्गी की बलि दे दी, बस मान गयीं। मेरे बड़े भाई बीमार थे तो हमने काली मुर्गी की बलि दी और वह स्वस्थ्य हो गया।

इपिल - मानती होंगी पर मैं क्या बताऊँ? सोले गढ़ा तो मुण्डा के पास बन्धिक होने के बाद से हमने उनकी मनौती छोड़ दी। फसल बोने-काटने में उनकी मनौती नहीं होने लगी।

गंगी - ओ हो, इसीलिए तुमलोग असफल हो।

इपिल - उनकी मनौती बन्द है इसलिए वे नाराज हैं।

गंगी - तब पटा भगत ने क्या कहा?

इपिल - नगे देवियाँ स्वयं तो सीधा आक्रमण नहीं कर पा रही हैं इसलिए ददुर घाट के देव को उन्होंने उकसाया।

गंगी - ददुर घाट के देव की मनौती तो पहान करता है।

इपिल - सच है कि पहान उसकी मनौती करता है और हमलोग पहान के अधीन हैं। अपने को निर्दोष प्रमाणित करने और नगे देवियों की मित्रता भी निभाने के लिए अपने मित्र थोलकोबेड़ा का देव को उकसाया है।

गंगी - अच्छा, तो इसीलिए देर हो रही है।

इपिल - वह भी कसेया बकरा माँग रहा है।

गंगी - तब तो कसेया बकरा दे दो। कोई बड़ी बात नहीं है।

इपिल - बड़ी बात तो नहीं है परन्तु हमलोगों के लिए बड़ी बात है। हम कहाँ से देंगे? सोले गढ़ा, नीम चौरा, कुसुम टाँड़ सब तो बन्धिक हो गया। दलदल खेत से किसी प्रकार गुजारा कर रहे हैं। बैद्य और भगतों को मुर्गा-मुर्गी, खस्सी, सुअर देकर खाली हो चुके हैं। अब कसेया बकरा का इंतजाम कहाँ से होगा?

गंगी - अच्छा मइंया, एक उपाय है।

इपिल - क्या?

गंगी - तुम तो जानती हो मैं दिल्ली में काम करती हूँ।

इपिल - वह तो मैंने सुना है।

गंगी - बहुत बड़े मकान में रहती हूँ। दो बच्चों को देखती हूँ, घर का काम देखती हूँ। खाना बनाने का काम तो मालकिन ही करती है।

इपिल - और वेतन कितना देते हैं?

गंगी - काम तो बहुत अधिक नहीं पड़ता है दोनों बच्चों को देखती हूँ। दोनों छोटे हैं। मेरे मालिक और मालकिन चार व्यक्ति है। दो हजार मासिक देते हैं।

इपिल - खाना-पीना?

गंगी - सब उन्हीं का यहां तक कि ओढ़ना पहनना भी।

इपिल - तब तो दीदी बहुत ही सुखी हैं।

गंगी - बात सही है। बहुत ही सुख में हूँ। कहीं जाते हैं मुझे भी साथ ही ले जाते हैं। उन्हीं की कृपा से जयपुर, गोवा और हिमालय देख आयी हूँ।

इपिल - तब तो दीदी बहुत ही मजे में हैं। मैंने हिमालय पहाड़ का नमा ही सुना भर है। कहते हैं बहुत बड़ा है। हमलोगों का बिरता पहाड़ जैसा?

गंगी - कहां हिमालय पहाड़ और कहां बिरता पहाड़? हिमालय पहाड़ में कितने बिरता पहाड़ समा जाएंगे। ऊपर देखने से सिर की टोपी गिर जाएगी पर चोटी दिखाई नहीं देगी और दहिना बायाँ देखने से लम्बाई की सीमा नहीं।

इपिल - तब तो बहुत बड़ा है न?

गंगी - बहुत बड़ा है सब ओर बर्फ ही बर्फ है। सूरज की किरणें पड़ती है तो उस दृश्य की सुन्दरता वर्णन से बाहर है।

इपिल - बर्फ है तो जाड़ा भी है?

गंगी - है क्यों नही? हम जो पहने हैं, उन कपड़ों से वहां गुजारा नहीं। ऊनी वस्त्र, कम्बल रजाई आदि की आवश्यकता पड़ती है तो मैं बताऊँगी क्या?

सुकवरो - (नेपथ्य से) आ जाओ बेटी, गप कितना करोगी? अंधेरा हो रहा है, शीघ्र पानी ले के आओ।

गंगी - अच्छा तो फिर, कभी बात करेंगे।

इपिल - हां, मुझे भी पैसों की खोज में मुण्डा पहान आदि के पास जाना था, अब तो कल ही जाऊँगी, पानी लेके आती हूँ।

(दोनों का प्रस्थान)

(पटाक्षेप)

तीसरा दृश्य

(सनिका कराह रहा है घर में कोई नहीं है।)

सनिका - हाय ऽऽऽ! हाय ऽऽऽ! हाय ऽऽऽ! कौन- सा भूत पकड़ा है? दवा दारू नहीं काम कर रहा है। मुर्गी सुअर अथवा बकरा की बलि से भी नहीं बन रहा है।

इपिल - (प्रवेश करती हुए) पिताजी हल्दी चूर्ण का हवन कि मान-मनौती हम त्यागें।

सनिका - हाय ऽऽऽ ! फिर हम क्या करें? सिञबोंगा की मनौती छोड़ कर, हम ईसाई हो जाएँ? हाय ऽऽऽ !

इपिल - नहीं पिताजी सिंञबोंगा को हम नहीं छोडंगे।

सनिका - फिर?

इपिल - इन देवी-देवताओं को मनौती छोड़कर हम अस्पताल चलते हैं।

सनिका - बेटी, तुमलोग कुछ भी करो, मुझे बीमारी से मुक्ति तो मिले? न तो मैं मर ही रहा हूँ और न ढंग से जी रहा हूँ। केवल मैं परेशान हूँ।

इपिल - किसी तरह सहन करें पिताजी। आपको अस्पताल ही ले जाएँगे।

सुकवरो - (प्रवेश करती हुई) कैसे ले जाएँगे बेटी?

इपिल - मैं व्यवस्था करूंगी।

सुकवरो - क्या व्यवस्था करोगी बताओ तो?

इपिल - मैं मुंडा से मिलके आती हूँ।

सुकवरो - जाओ परन्तु आशा नहीं है।

इपिल - उससे काम नहीं बनेगा तो पहान से मिलूँगी।

सुकवरो - वह तो बेटी ओर ही नहीं कहेगा।

इपिल - ऐसा क्यो?

सुकवरो - वह तो महा कंजूस धनी व्यक्ति हैं जब से फौजदारी में जीता है तब से और अधिक कंजूस हो गया है।

इपिल - फौजदारी का कारण?

सुकवरो - पहान के नाम से डाली कतारी खेत है।

इपिल- डली कतारी क्या है?

सुकवरो- पहान पूजा-पाठ करता है। गाँव को बाहरी प्रभाव या भूत प्रेतों से बचाता है। गाँव के लोगों को अदृश्य आत्माओं के आक्रमण से बचाने के एिल पूाज पाठ कराता है। इसी उद्देश्य से उसको कुछ खेत मिलता जो डली कतारी कहलाता है।

इपिल - फिर हमें थोलको बेडा का दरहा देव क्यों परेशान कर रहा है?

सुकवरो - वह बेटी हमलोगों की नासमझ से।

इपिल - हमलोगों की नसमझ मतलब?

सुकवरो - सोले गढ़ा को हमें बंधिक में नहीं देना चाहिए था। बन्धिक भी कर दिये तो हमने नगे देवियों की मनौती के लिए हल्दी चूर्ण तक का हवन नहीं किया। याद है तुम्हारे पिता जी दलदल खेत के ऊपर और सोले गढ़ा के ऊपर केतकी झाड़ी के पास पूजा-अर्चना करता था?

इपिल - हाँ, वह तो आज मुझे पता लगा।

सुकवरो- बुनना, रोपना अथवा फसल काटने समय पहान पहले पूजा-अर्चना कर लेता है, और नहीं तो जो तेयार रहता है - बोने-रोपने के लिए अथवा फसल तैयार है और काटना है तो वही पूजा पाठ के लिए पहान को मुर्गी देता है। उसकी पूजा के बाद ही वह अपना काम करता है।

इपिल - यह तो मैंने कभी न देखा न सुना।

सुकवरो - ददुर घाट में पहान ही पूजा पाठ करता है इसी लिए वहाँ का देव हमें परेशान नहीं करता है। हम वहां कपड़ा धोते या नहाके देखों वहां का देव तुरन्त हमलाकर बैठता।

सनिका - हाय ऽऽऽ! हाय ऽऽऽ! हाय ऽऽऽ! तुमलोग बात बना रही कुछ तो करो।

सुकवरो - उपाय की तो बात विचार हो रहा है।

इपिल - तब माँ मैं गाँव के मुंडा से मिल लेती हूँ। वहां काम न बनेगा तो; गाँव के पहान के पास जाऊंगी, वहां भी काम नहीं बनेगा तो मैं पड़हा राजा से बात करूँगी।

सुकवरो - जाओ बेटी, परन्तु मुझे आशा नहीं है।

इपिल - माँ दिल छोटा मत करो मैं जाके आती हूँ।

सुकवरो - जाओ।

(इपिल का प्रस्थान)

(पटाक्षेप)

चौथा दृश्य

(आमने-सामने से इपिल और गंगी का प्रवेश)

गंगी - अरे, मैं तुम्हारी बात ही सोच रही थी।

इपिल - क्या?

गंगी - तुम्हारे पिताजी को कुछ राहत है?

इपिल - राहत क्या होगा? मुझे विष दे दो, चुपचाप मर जाऊंगा कहता है।

गंगी - जब पीड़ा बढ़ जाती है तो ऐसा ही होता है। बहन तुम लोग ऐसा करो कि अस्पातल ही जे जाओ।

इपिल - विचार तो हम दोनों का ऐसा ही है, परन्तु पैसों का अभाव खटकता है तब हमें कोई रास्ता नहीं सूझता है।

गंगी - मुण्डा से तुम मिली थी?

इपिल - हाँ दीदी, गई थी।

गंगी - क्या बोला ?

इपिल - बोलेगा क्या? पैसा नहीं है। पहान के पास गई थी। उसने कहा खेत टाँड़ तो तुमने मुण्डा को दे दिया अब मेरे पास पैसा मांगने आयी है? फिर पड़हा राजा के पास गई थी। वहां तो मेरे ही सामने उसने अपनी बहन को पैसा दिया।

गंगी- अब तुम्हारा विचार क्या है?

इपिल - अब मेरा विचार क्या होगा ? मुझे अब उपाय ही नहीं सूझ रहा है।

गंगी - एक रास्ता है।

इपिल - क्या?

गगी - चलो, काम करने, दिल्ली।

इपिल - हाँ दीदी, जरूर जाऊँगी। पहले पिताजी ठीक तो हो जाएँ?

गंगी - वह तुम मुझपर छोड़ दो। मैं इलाज के लिए पैसे दूंगी। मेरी अभी दो सप्ताह की छुट्टी है। तब तक तुम्हारे पिताजी ठीक हो जाएँगे।

इपिल - मेरे पिताजी स्वस्थ भी हो जाएँगे तब भी मैं दिल्ली कैसे जाऊँगी? मेरे हाथ में तो फुटी कौड़ी भी नहीं है।

गंगी - वह सोचना तुम्हारा काम नही मेरा है। दिल्ली में काम करके वापस कर दो। जाओ तुम दोनों अस्पताल के लिये तैयार हो। मैं अभी पैसे लेकर आती हूँ।

इपिल - अस्पताल में क्या -क्या जरूरत पड़ती है कपड़ा लता?

गंगी - तुम्हारे पिताजी को तो सोने के लिए पलंग मिलेगा जिस पर गद्दा होगा तकिया होगा, चादर होगी। ओढ़ने के लिए कम्बल मिलेगा। जो मरीज को देखभाल करेगा उसके लिए विस्तर और कम्बल इत्यादि की आवश्यकता होगी। खाना बनाने के बर्तन आदि।

इपिल - तब हमलोग तैयारी करते हैं।

गंगी - अवश्य। (इपिल का प्रस्थान)

गंगी - (स्वयं ही) अस्पताल में चार-पांच हजार खर्च होगा। पाँच महीने तक दिल्ली में काम करेगी तो वह रकम वसूल हो जाएगी। (गंगी का प्रस्थान)

(पटाक्षेप)

पांचवा दृश्य

(गंगी रंगमंच पर अकेली है, वह दिल्ली जानेवालीयों के इंतजार में है)

गंगी - पता नहीं ये लड़कियाँ मुझे धोखा तो नहीं देंगी? अब तक किसी का पता नहीं है? (कुछ देर चुप रहकर टहलती है) सब धोखा देंगी परन्तु इपिल कभी धोखा नहीं देगी। मैंने उसकी सहायता न की होती तो पता नहीं, उसके पिताजी? इपिल अवश्य आयेगी। सिबिल भी आने की बात तो की है। रंदाय, बिरसी और मंगरी सब लोगों ने जाने की बात कहा है। पांच जन तो हैं। पांच लोगों में पाँच पचे पच्चीस हजार रुपये तो मिलेंगे। व्यक्ति पीछे पाँच हजार। उन्हें बेतन मिलेगा, नहीं मिलेगा, मुझके उनकी कीमत मिल जायगी। अरब देश और दुबई आदि देशों में लड़कियों का बहुत मूल्य है। परन्तु वहां के लोगो से मेरा परिचय नहीं है।

सिबिल - (प्रवेश करती हुई।) गंगी, सब पहुँचे?

गंगी - कोई आयी नहीं, तुम्ही पहली हो।

सिबिल - शायद न आवें?

गंगी - इपिल तो अवश्य आयेगी।

सिबिल - और अन्य तीन?

गंगी - पता नहीं मंगरी, रंदाय और बिरसी तो।

सिबिल - तुमसे बातें हुई है तो अवश्य आना चाहिए।

गंगी - बातें तो की है आने का परन्तु अब तक उनका पता नहीं।

इपिल - (प्रवेश करते हुई) हाँ मैं तो पहुंच गई।

गंगी - रंदाय, मंगरी और बिरसी भी आ रही होंगी।

रंदाय - हाँ, हम भी आ गई।

गंगी - (बिरसी का बड़ा सा बैग देखकर) आरे बाप रे, बिरसी तो इतना बड़ा बैग ले रही है?

बिरसी - पता नहीं, कपड़े कौन देगा?

गंगी - घर मालिक देगा नहीं?

मंगरी - वह तो जानकारी होने से न?

गंगी - मैंने उसी दिन समझाया था कि मोटा - झोटा ले जाने की जरूरत नहीं।

बिरसी - मैंने तो सुना ही नहीं।

गंगी - ओढ़ने पहचने का घर मालिक ही देगा। यहां तो अतिथि कपड़ा लाये बिना आ गये तो हमलोग कठिनाई में पड़ जाते हैं। पुवाल पर उन्हें सुलाया जाता है। कभी अधिक अतिथि आ गये तो उस घर का मालिक बिना कपड़ा के सुबह तक रह जाता है।

मंगरी - फिर हम जाएँगे कैसे?

गंगी - अभी बस आयेगी उस से राँची जाएँगे, फिर राँची से रामगढ़, रामगढ़ से रेलगाड़ी पकड़ कर सीधा दिल्ली जाएँगे।

सिबिल - तब चलो बस पकड़ने।

बिरसी - बस कहाँ मिलेगी?

मंगरी - इस बेवकूफ को तो कुछ भी जानकारी नहीं।

सिबिल- बस, बस, वैसा कहा नहीं जातां घर से पहली बार निकली है। उसे क्या जानकारी है?

मंगरी - फिर तो दिल्ली में काम कैसे करेगी?

गंगी - कठिन नहीं है। कहीं जाने-आने की फुर्सत नहीं है। यदि कहीं जाना होगा तो घर मालिक या घर का कोई सदस्य साथ लेकर जाएगा। यदि तुम अकेले निकल गई तो दिल्ली, दिल्ली है। कहां भटक जाओगी पता नहीं। यदि गुण्डों से पाला पड़ा तो समझो तुम्हारा पता ही नहीं चलेगा।

बिरसी - यह मुझे पता रहता तो मैं हरगिज नहीं जाती।

गंगी - वैसी बातें सोचो मत। वहाँ घर से ही मत निकलो।

मंगरी - घर में तो कितने दिन चुप बैठोगी? कभी तो निकलना ही पड़ेगा।

गंगी - घर से निकलकर कहाँ जाओगी? हम लोगों का गाँव घर की तरह नदी-नाला, बगीचा कि उपवन नहीं है। सब ओर बड़े-बड़े भवन हैं। कहीं भी जाना होगा घर मालिक ही ले जाएगा।

बिरसी - दिसा फिरने के लिए तो निकलना पड़ेगा।

गंगी - कहाँ मैदान मिलेगा?

बिरसी - नदी नाला?

गंगी - वह सब सोचो मत। मैदान अथवा नदी नाला जाने की आवश्यकता नहीं। सबकी व्यवस्था घर ही में है। मैदान नहीं है, नदी दूर है। फिर नदी में कहाँ बैठोगे? वहां तो

दिन रात लोग रहते हैं। जो आवश्यक है उसका इंतजाम घर ही में है। घर में नल लगा है। पीने का पानी, नहाना, धोने की सुविधा घर ही में है। चलो, अब चलें बस के आने का समय हो गया।

सिबिल - चलो।

गंगी - इपिल, तुम कुछ बोल नहीं रही हो।

इपिल - मैं सुन रही हूँ।

गंगी - तब चलो।

(अपना-अपना बैग लेकर सबका प्रस्थान)

(पटाक्षेप)

तीसरा अङ्क

पहला दृश्य

(दिल्ली में रहते छः महीने हो गये अब सभी लड़कियाँ छुट्टी आ रही हैं। इपिल भारी पांव में है)

इपिल - आह! किस जंजाल में मैं फँस गई। गाँव में तो पंचायत बैठेगी। मरे मां-बाप को दण्ड भरना होगा। गंगी दीदी के कहने पर मैं चली, आज तो इस हाल में हूँ। यदि मैं गंगी की बात न मानती तो मेरे पिता मर जाते। पता नहीं गंगी, मुंझे मेरे घर मालिक के हाथ दी है न क्या। तभी तो जब भी मैं बेतन की बात उठाती थी मकान मालिक कहता था - मैंने पाँच हजार रुपये दिये हैं जब तक वसूल नहीं होगा मैं वेतन नहीं दूँगा। घर वापस जाने के लिए भी मात्र किराया उसने दिया है।

सिबिल - (प्रवेश करती हुई) क्या सोच रही हो?

इपिल - सोचूंगी क्या? दीदी तुम तो स्वयं देख रही हो मेरी हालत जहर खा लूंगी कि फाँसी लगा कर मर जाऊँगी कि रेल पटरी पर लेट जाऊँगी। मेरा दिमाग घूम रहा है।

सिबिल - बस! बस! ये सब बातें मत बोलो ये अच्छी बातें नहीं है।

इपिल - क्या नहीं है? सब कुछ तो मैं झेल रही हूँ। मेरे बड़े भाई पढ़े इस विचार से सभी खेत टाँड़ बन्धिक में दे दिये गये। पिताजी बीमार थे तो मुर्गी-बकरी कि सुअर सभी बालिके लिए वैद्य भगतों को दे दिये गये। हम अस्पताल की शरण में गये तो मैं गंगी दीदी के जाल में फँस गई।

सिबिल - बस, धैर्य रखो बहन, भगवान है।

इपिल - भगवान कहां है? जो चलता पूरजा घर का है कि धनवान है उसके लिए भगवान है।

सिबिल - वैसा नहीं कहा जाता।

इपिल - कहूँगी क्यों नहीं? इतने दिन मैं ने काम किया घर मालिक मात्र घर पहुँचने तक का किराया दिया है।

सिबिल - बोली नहीं इस स्थिति में घर भेज रहे हो खर्चा दो।

इपिल - बोलूंगी क्या? वे दोनों दम्पति तो निर्णय किये थे कि मुझे घर से निकाल देंगे। मालकिन सोचती थी कि मैं घर मालिक से फँस गई हूँ।

सिबिल - तो फिर यह किसका है?

इपिल - घर मालिक का भाई। पता नहीं कहां इंजीनियारिंग कर रहा है। मालिक मालकिन तो दोनों नौकरी में हैं। बच्चे स्कूल चले जाते हैं। फिर तो मैं अकेले रह जाती थी। मेरे मना करने पर भी वह मुँह काला कर लेता था। प्रतिदिन उसकी हरकत ऐसी ही थी।

सिबिल - फिर तुमने मालकिन को बताया नहीं।

इपिल - मैंने बताया परन्तु उसे विश्वास नहीं हुआ। छुट्टी समाप्त हुई और वह चला गया। चार महीने हुए तो मैं दृष्टि में आ गई। मालिकन को अपेन पति पर शक था। इसलिए उनका विचार था मुझे घर से निकाल बाहर करने का। मैंने कहा कि मैंने आरम्भ में बताया था परन्तु आप लोगों ने विश्वास नहीं किया।

सिबिल - फिर?

इपिल - फिर मालिक ने मालकिन को समझाया कि अभी तो कष्ट में है। जब इसके साथी जाने लगे तो हम भी भेज देंगे। नहीं तो हम पुलिस केस में फँस जाएँगे।

सिबिल - अच्छा चिंता मत करो।

इपिल - चिन्ता क्यों नहीं करूँगी। गाँव में पंचायत बैठेगी, हाथ में पैसे तो है नहीं घर में जगह जमीन बन्धिक में दे दी गई है।

सिबिल - ऊपरवाला हमें देखेगा ही।

इपिल - कौन ऊपरवाला?

सिबिल - जो अनादि से देख रहा है।

इपिल - पता नहीं?

सिबिल - अवश्य कोई न कोई मार्ग निकलेगा ही। वह मार्ग दिखाएगा ही, निराश मत हो।

रंदाय - (प्रवेश करती हुई) वाह! तुम तो अच्छा संदेश लेकर जा रही हो।

सिबिल - तुम्हें खुशी हो रही है। हम नारियों का जीवन ही ऐसा है।

रंदाय - जीजा जी कहाँ है? (इपिल सर झुका लेती है)

सिबिल - तुम्हें मजाक सूझ रहा है? तुम्हीं ऐसी हालत में रहती तो पता चलता।

रंदाय - ऐसी हालत में रहती तब न! अभी तो ऐसी हालत में नहीं न हूँ।

सिबिल - बस, ऐसी बातें मत करो, अन्यथा हम तुम्हें किनारे कर देंगे।

बिरसी - (प्रवेश करती हुई) ऐ' एपिल की यह हालत?

मंगरी - (प्रवेश करती हुई) चमक रही है।

सिबिल - बस-बस इस समय इपिल कष्ट में है। दुःखी व्यक्ति पर व्यंग्य नहीं कसा जाता है। अभी तो हम हँस रहे हैं कल हमारी भी यही दशा होगी तब?

बिरसी - कहा नहीं जा सकता है। ऐसा हो सकता है। सम्भवना को किसने देखा है?

गंगी - (प्रवेश करती हुई) शीर्घ तुमलोग चलो ट्रेन के आने का समय हो गया।

सब - चलो।

(सबका प्रस्थान)

(पटाक्षेप)

दूसरा दृश्य

(सब गाँव पहुँच जाते हैं। गाँव के कुछ नौजवान जमा हैं। इपिल उनके बीच सर झुकाए बैठी है।)

इपिल - मैं दिल्ली नहीं जाती तो उचित था। (चुप हो जाती है) फिर और तो कोई मार्ग ही नहीं था। यदि गंगी पिजाजी को अस्पताल ले जोन का भार न उठाती तो पता नहीं पिताजी की हालत क्या होती।

सिबिल - (प्रवेश करती हुई) बहन इपिल, क्या सोच रही हो?

इपिल - मैं सोचूंगी क्या? सम्पूर्ण गांव में हल्ला हो गया है। फांसी हो जाऊँगी कि कुँए में कूद पड़ूँ, समझ में नहीं आता।

सिबिल - इन अनुचित बातों को बिल्कुल मत सोचो।

इपिल - मैं सोचूंगी नहीं कैस? अब तो पंचायत होगी। जुर्माना भरना पड़ेगा। हम जुर्मना भरेंगे कैसे?

सिबिल - बहन, वह सब चिन्ता मत करो ऊपरवाला देखेगा।

मसी - (प्रवेश करते हुए) तुम दोनों में बातें क्या हो रही है बहन।

सिबिल - यह दिल्ली का संदेश हमने लाया है कल तो बैठक होगी।

मसी - सच में, सारा गाँव जानता है। मुण्डा और पहान को खुशी हो रही है कि फल लग गया है।

बिरसा - (प्रवेश करते हुए) फल लग गया है? बहन इपिल, तुम अपने में दृढ़ रहो। हम मुण्डा-पहान का सामना करेंगे। अब तक उन दोनों ने क्या किया? इतना जुर्माना भरवाया

गया। बुधनी और रिझा असम भागे थे। लौटने पर मगो के (मगो- एक ही गोत्र में पति-पत्नी बनना) बहाने दो-दो हजार जुर्माना हुआ। खा-पीकर सब पैसे उड़ा दिये गये।

करमा - (प्रवेश करते हुए) यही धंधा हमारे समाज को ले डूब रहा है। इस बार हम खाने नहीं देंगे अन्यथा हमारा विद्यालय और महाविद्यालय में पढ़ने का मूल्य क्या है?

दोन्दोः - (प्रवेश करते हुए) तुमने उचित ही कहा। इतना पढ़-लिख कर हमने गाँव को न सुधारा तो सुधारेगा कौन?

रतन - (प्रवेश करते हुए) हां बहन, तुम अपने में दृढ़ रहो। तुम दृढ़ रहो तो कोई तुम्हें हिला नहीं सकता।

बिरसा - मुझे पता है, मरे घर में बातचीत हो रही थी - इपिल अपने पिता की बीमारी में मुंडा, पहान, पड़हाराजा कहाँ-कहाँ सहायता के लिए हाथ नहीं पसारी।

सिबिल - तब तो गंगी सहायता की और गंगी की देन चुकाने के लिए दिल्ली चली गई।

करमा - उस बैठक में गंगी को पकड़ेंगे क्योंकि वही लड़कियों को दिल्ली लेकर बिक्री करती है।

मसी - तुम अपने में दृढ़ रहो। युवक-युवतियों को बैठकी में जाना माना है। परन्तु हम जाएँगे।

सिबिल - हम इतने लोग तुम्हारे साथ हैं। तुम निराश मत हो।

बिरसा - इस बैठकी में सबको आना है जो नहीं आयगा उसे दण्ड भरना पड़ेगा। अभी हम साथ हैं हम में से किसी को हम अध्यक्ष बना लें।

दोन्दोः - मैं रतन का नाम प्रस्ताव में रखता हूँ।

रतन - मुझे मत चुनो, मेरा ही घर लटपट है।

मसी - हाँ तो बात सही है। हम लोग बुजुर्गों से बैठकी की लड़ाई में हार जाएंगे।

सिबिल - तब भैया, बिरसा को रखा जाय?

सब - हाँ-हाँ, तुम्हारा कहना उचित है।

बिरसा - सचिव।

रतन - वह तो तुम्हीं चुन लो।

बिरसा - फिर से मसी रहे।

सब - हाँ, बिल्कुल सही कहा तुमने।

दोन्दोः - खजांची कौन होगा?

रतन - सिबिल रहे, है न?

करमा- इस संघ का नाम क्या रखा जायेगा?

बिरसा - बाद में अच्छी तरह सोच कर हम चुनेंगे आभी तो काम चलाने के लिए गया मुण्डा युवा संघ नाम देंगे।

सिबिल - गया तो कौन?

बिरसा - बिरसा मुण्डा का दाहिना हाथ था। जब अंग्रेज कमिशनर विलकिंगसन उसे पकड़ने गया तब गया की पत्नी समाट से कूटने लगी।

दोन्दोः - मुण्डाओं के इतिहास की इतनी जानकारी तुम्हें है?

बिरसा - हां, बुजुर्गों से मैंने सुना है। तब दो महीने या तीन महीने में बैठकी करेंगे।

रतन - दो महीने तो नहीं तीन महीने में साथ उपस्थित हो सकेंगे।

बिरसा - तब बहन इपिल, मैं अध्यक्ष तुम्हें आदेश देता हूँ तुम मत झुको। तुम्हारी शक्ति पाकर हम भी सशक्त हो जाएँगे।

इपिल - हाँ। भैया, मैं करार करती हूँ कि नहीं झुकूंगी।

बिरसा - फिर तो हम कल मिलेंगे। चलो..

(सभी जाने लगते हैं।)

(पटाक्षेप)

तीसरा दृश्य

(पंचायत बैठ रही है आमने सामने से मुण्डा और पहान प्रवेश करते हैं, एक दूसरे का अभिवादन कर पत्थर पर बैठ जाते हैं।)

मुण्डा - जोहार।

पहान - जोहार। बहुत दिन के बाद ऐसी बैठकी हो रही है।

पड़हा राजा - (प्रवेश करते हुए) हाँ तो, जोहार।

मुण्डा पहान - जोहार।

पड़हा राजा - रीझा नहीं है वह अपने समधी के पास गया है।

(तब तक दो-तीन आदमी प्रवेश करते हैं)

पहुँचनेवाले - जोहार।

(पहले से उपस्थित सभी जवाब में जोहार कहते हैं।)

पहान - आने वाले आते रहें। हम बैठकी आरम्भ करते हैं।

मुंडा - हाँ, आरम्भ करना ही उचित है।

पहान - बैठकी का विषय तो सबको पता ही है?

पड़हाराजा - तब भी कह दिया जाए तो उचित होगा।

पहान - गंगी पाँच लड़कियों को दाई-धंगरिन के लिए दिल्ली ले गई थी। बिरसी, रंदाय, सिबिल, इपिल और मंगरी। काम करने तो गये तो ठीक किये। सभी पैसे बांध कर लाये।

मुण्डा - बैठक की बात कहा जाए। उन्होंने क्या किया कहने की आवश्यकता नहीं है।

पहान - हाँ, वही तो मैं कह रहा हूँ। लेकिन दिल्ली से इपिल कुछ और पोटली बांध कर लायी है।

पड़हा राजा - स्पष्ट बोला जाए।

पहान - हाँ कहा रहा हूँ। इपिल भारी पाँव में आयी है।

मुण्डा - इसकी जानकारी तो किसे है?

पहान - हाँ, मैं कह रहा हूँ। इस बात की चर्चा जब गाँव भर में होने लगी मैंने मुण्डा की पत्नी को भेजा कि वह पता लगावे क्योंकि वही प्रसव के समय गाँव में दाई का काम करती है।

पड़हा राजा - तब तो उसे बुलाया जाय। (तभी मुण्डा की पत्नी प्रवेश करती है) ये तो आ गई कहते कहते।

पहान - हाँ रोंगो, इपिल का हाल चाल बता सकती हो।

मुण्डा की पत्नी - बिल्कुल बता सकती हूँ। पूछिए क्या पूछना चाहते हैं?

पड़हा राजा- तुमने ही मुझे बताया था कि इपिल भारी पांव में है।

मुण्डा की पत्नी - हाँ ऽ ऽ ऽ।

पड़हा राजा - अन्यथा तुम्हें जुर्माना भरना होगा।

(रोंगो - मुण्डा की पत्नी रोंगो गाँव से लायी गई है।)

मुण्डा की पत्नी - जुर्माना किस चीज का भरवायेंगे? प्रतिदिन तो यही काम करती हूँ। प्रसव के बाद प्रसूता की मालिश में ही करती हूँ।

पहान - अच्छा जाओ, तुम्ही सनिका और सुकवरो को बुला लाओ।

मुण्डा की पत्नी - अच्छा। (प्रस्थान करना)

(तभी बिरसा, करमा, दोन्दोः, मसी पहुँचते हैं।)

पहान - यहाँ युवाओं का कोई काम नहीं है।

बिरसा - आप ही लोग सदा-सदा तो नहीं रहेंगे। कल हमारे सिर पर यही बोझ पड़ेगा तो हम क्या करेंगे?

पड़हा राजा - हाँ बेटा, तुम्हारा कहना उचित है, उन्हें रहने दिया जाय। वे हमारी बात सुनें। कल को ये ही बैठेंगे। हम तो सदा नहीं रहेंगे।

मुण्डा - हाँ तो रहें। बैठो बेटे। (सब बैठते हैं)

(मुण्डा की पत्नी सनिका दम्पति के साथ प्रवेश करती है।

पहान - सनिका बोलो तुम दोनों। तुम दोनों की बेटी इपिल ने क्या किया है? (दोनों चुप हैं)

मुण्डा - इन्हें हम क्या पूछेंगे? इनकी बेटी इपिल आवे।

पहान - इपिल जिस युवक के साथी थी वह तो जात कि परजात।

(दोन्दोः के साथ इपिल और दिल्ली से लौटी युवतियाँ आती हैं)

पहान - (इपिल को देखकर) बोलो इपिल तुम्हारा जिस युवक से सम्बन्ध था वह हमारी जाति का था या अन्य?

(इपिल चुप रहती है)

मुण्डा - दिल्ली में हमारी जाति तो नहीं अन्य जाति ही होगा।

पहान - सुन रहे हो जी सनिका।

सनिका - हाँ, सुन रहा हूँ।

मुण्डा - तब तुम दोनों क्या कह रहे हो?

पहान - यह तो बड़ा केस है इसलिए जुर्माना अधिक ही भरना पड़ेगा।

सनिका - हाँ आप लोगों की इच्छा, हम दोनों की बेटी ही दोषी है।

मुण्डा - तब पड़हा राजा आपका क्या कहना है?

पड़हा राजा - गाँव में आप दोनों का फैसला चलता है। मैं तो पंचायत में बात करूँगा।

पहान - तब यह तो बड़ा अपराध है अतः पाँच हजार रुपये दण्ड स्वरूप भरना होगा।

सनिका - आप लोगों का फैसला हमें स्वीकार है।

इपिल - (तनकर खड़ी होती हुई) पिताजी, आप हाँ क्यों कर रहे हैं। मुझे ये लोग समझावें। मैं किनके कारण इस स्थिति में हूँ।

पहान - तुम्हें हमने भेजा था? तुम स्वयं गई थी। सीमा से बाहर बोलो मत नहीं तो हम तुम्हें पीटेंगे।

इपिल - पीटकर देखिए तो जेल का मजा न चखा दी तो कहना ही छोड़ दूंगी।

सुकवरो - बस, बेटी बड़ों से मुँह नहीं लड़ाते हैं।

इपिल - कहूँगी क्यों नहीं? बात ही वैसी निकल रही है। पिताजी बीमार थे तब मैं सबके सामने हाथ पसारी, किसने सहायता दी?

बिरसा - वह तो बहन तुमने सही कहा ? गंगी को कोई नहीं बैठाता है, वह लड़कियों को लेके दिल्ली बेच आती है।

(गंगी भागने का प्रयास करती है, सिबिल उसे पकड़ लेती है)

सिबिल - भागती कहाँ हो? सुनो, हम इतने लोग तुम्हारे साथ दिल्ली गयीं। किसी को मजूरी नहीं मिली। केवल किराया मात्र वापसी का।

करमा - तेतर टोली का रतनी को भी गंगी ही ले गई थी और जो दिल्ली में ही मर गयी।

(गंगी झटक कर भागना चाहती है लेकिन रंदाय पकड़ लेती है)

रंदाय - हम भागने नहीं देंगी। आज देखेंगे लड़कियों को दिल्ली ले जाकर बिक्री करने का पैसा कितना जमा की हो।

पहान - यह दोष रुपये से कम क्या होगा?

सनिका - मैं एक बात कहूँ? शायद मेरी बात को महत्व नहीं दिया जाएगा।

मुण्डा - क्यों नहीं? बोलो।

सनिका - मैं बीमार था तब यदि गंगी ने सहायता न दी होती तो मैं आज जीवित न रहता। उसे क्षमा कर दिया जाय तो ?

पहान - आप लोग सब कहिए। आप लोगों का विचार क्या है?

सभी युवक-युवती - उसे क्षमा कर दिया जाय परन्तु प्रतिज्ञा करे कि आइन्दे वह ऐसा काम नहीं करेगी।

पहान - क्या तुम स्वीकार करती हो?

मुण्डा - हाँ कहती हो।

गंगी - हाँ मैं स्वीकार करती हूँ और प्रतिज्ञा करती हूँ कि आइन्दे ऐसा काम नहीं करूंगी। (सनिका के पैर पर गिरती है) पिताजी आप दोनों मुझे क्षमा कर दें।

सनिका - (उठाते हुए) बेटी जब सबने क्षमा कर दिया तो हम भी क्षमा कर दिये।

(पटाक्षेप)

- समाप्त -

जोवाकिम तोपनो

जन्म तिथि - 04/02/1952
जन्म स्थान - तोरपा मरंग टोला, खूंटी, झारखंड
माता का नाम - रूंथ तोपनो
पिता का नाम - मरकुस तोपनो
शिक्षा - बी.ए.

जोवाकिम तोपनो मुंडारी भाषा के वरिष्ठ लेखक और चिंतक हैं. कॉलेज के जमाने से ही आपकी रुचि मुंडा भाषा, साहित्य, संस्कृति, इतिहास और सामाजिक कार्यों में रही है. आपने प्राथमिक शिक्षा गाँव में ही संत जोसेफ उच्च विद्यालय, तोरपा से पायी और संत जेवियर्स कॉलेज रांची से बीए किया है. अपनी मातृभाषा मुंडारी और हिन्दी में पहले आपने स्वतंत्र रूप से यदाकदा लिखना शुरू किया फिर आगे चलकर इसे अपना बौद्धिक दायित्व बना लिया। हिंदी में लिखे गये आपके लेख 'निष्कलंका' रांची और 'सन्देश' पटना से प्रकाशित होते रहे। मुंडारी में आपने सर्वाधिक लेखन किया है जो 'झारखंड ज्योति', 'सनङ', 'समपड़तिङ', 'सेंड़ा सेतेंग', 'सेतेंग', 'झारखंडी भाषा साहित्य संस्कृति अखड़ा', 'जोहार दिसुम खबर' आदि में निरंतर प्रकाशित हुए हैं.

'डीड़गर इपिल' आपका पहला नाटक है और स्वतंत्र रूप से पहली प्रकाशित पुस्तक भी.

संपर्क - द्वारा सुश्री लेवनी तोपनो
मरंग टोला तोरपा 'गुयु'
प्रेमनगर, कांके, राँची (झारखंड) - 834006

प्यारा केरकेट्टा फाउण्डेशन
चेशायर होम रोड, बरियातु, राँची-834009 झारखण्ड
www.kharia.in | www.akhra.org.in | pkfranchi@gmail.com

₹ 120
9 789381 056592 >